पहल •• स्कूल भवन के भूमि पूजन में बेटियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने का आह्वान

बेटियां सशक्त होंगी तभी देश मजबूत होगा: शालू जिंदल

● नवभारत ब्यूरो | रायगढ़.
www.navbharat.org

जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा है कि बेटियां सशक्त होंगी तभी हमारा देश भारत मजबूत होगा. श्रीमती जिन्दल कल भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में 1914 में स्थापित किशोरी रमन गर्ल्स इंटर कॉलेज के नए भवन के भूमि पूजन समारोह में ऑनलाइन अपने विचार प्रकट कर रही थीं. जेएसपीएल फाउंडेशन इस इंटर कॉलेज के भवन के जीर्णोद्धार में सहयोग करेगा. ओपी जिन्दल ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन ओपी जिन्दल के बताए मार्ग पर चलकर जेएसपीएल चेयरमैन नवीन जिन्दल के समर्थन और सहयोग से बेटियों की उत्तम शिक्षा के लिए फाउंडेशन ने यह अनूठी पहल की है.



श्रीमती जिन्दल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति समाज के लिए कुछ न कुछ अच्छा करने का प्रयास करता रहता है. उनकी भी एक अभिलाषा है कि वह देश की बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करें. बेटियां राष्ट्र निर्माण में सर्वश्रेष्ठ योगदान कर सकती हैं. बृज शिक्षा कायाकल्प के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के 500 से अधिक स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं के विकास में योगदान कर रही यह संस्था हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है. श्रीमती जिन्दल ने कहा कि लड़कों की तरह लड़कियों के भी सपने होते हैं. वे सीखना चाहती हैं, सपने पूरे करना चाहती हैं, अपनी क्षमता दिखाना चाहती हैं, काम करके परिवार की मददगार भी बनना चाहती हैं और इस तरह समाज निर्माण में भी योगदान करना चाहती हैं. यूनिसेफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी बेटियों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाएं तो देश की तस्वीर में खुशहाली और संपन्नता का रंग घुल जाएगा. खुशी की बात यह है कि अब युग बदल रहा है. हम सभी को पूरे समर्पण से बेटियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए. शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है, जो बेटियों को सशक्त बना सकती है. उन्होंने कहा कि एक साक्षर लड़की सदैव अपने भाइयों-बहनों, पड़ोसियों को शिक्षित करने का प्रयास करेगी. इससे एक नई चेतना आएगी, जो कुशलता को बढ़ावा देगी और रोजगार के अनगिनत अवसर भी पैदा करेगी. इसलिए हमें आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए बेटियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया में और तेजी लानी होगी.

1914 में स्थापित किशोरी रमन बालिका इंटर कॉलेज बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है. खासकर आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न-मध्यवर्गीय परिवारों की बेटियों के भविष्य निर्माण के लिए यह इंटर कॉलेज प्रयासरत है. जेएसपीएल फाउंडेशन ने इसके जीर्ण-शीर्ण भवन को नया रूप देने में सहयोग की पहल की है.

जिंदल के प्रयासों से शिक्षा को मिल रहा नया आयाम

श्रीमती जिन्दल के प्रयासों से देश में अनेक शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना हुई है, जो शिक्षा के क्षेत्र में अनुपम योगदान कर रहे हैं. इनमें ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी-सोनीपत, ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी-रायगढ़, जिन्दल इंस्टीट्यूट ऑफ पावर टेक्नोलॉजी-तमनार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में संचालित ओपी जिन्दल स्कूल और ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज प्रमुख हैं.